***Demand to provide rail connectivity from Gwalior to Ayodhya**

श्री विवेक नारायण शेजवलकर (ग्वालियर) : सभापति महोदय, आपने मुझे बोलने का मौका दिया, उसके लिए आपका धन्यवाद। अयोध्या धाम विश्व का सबसे महत्वपूर्ण तीर्थस्थल व धार्मिक पर्यटन के लिए आकर्षण का केन्द्र बनने जा रहा है।

माननीय सभापति जी, मैं आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी से ग्वालियर से सीधे अयोध्या के लिए ट्रेन सुविधा हेतु आग्रह करना चाहता हूं। वर्तमान में ग्वालियर से अयोध्या के लिए एकमात्र साप्ताहिक ट्रेन मुजफ्फरपुर-सूरत एक्सप्रेस है, किंतु वर्तमान में यह सुविधा अपर्याप्त है। मैं माननीय रेल मंत्री जी के संज्ञान में लाना चाहता हूं कि ग्वालियर-बरौनी मेल ग्वालियर से चलकर बाराबंकी जंक्शन होते हुए बुढ़वल-कर्नलगंज-गोंडा होते हुए मनकापुर पहुंचती है। इस लाइन पर अन्य गाड़ियां भी चलती हैं।

यदि उक्त ग्वालियर-बरौनी मेल को बाराबंकी से अयोध्या होते हुए मनकापुर पहुंचने का रूट कर देते हैं, तो ग्वालियर, डबरा, दतिया एवं झांसी सहित संपूर्ण चंबल एवं बुंदेलखंड क्षेत्र के श्रद्धालुओं को अयोध्या धाम पहुंचने के लिए एक अच्छा साधन मिल सकेगा।

दूसरा, झांसी से अयोध्या के लिए जाने वाली गाड़ियां क्रमशः अहमदाबाद-दरभंगा, साबरमती एक्सप्रेस, यशवंतपुर-गोरखपुर एक्सप्रेस, मुंबई एलटीटी-छपरा अंत्योदय एक्सप्रेस, अहमदाबाद-वाराणसी सिटी साबरमती एक्सप्रेस वाया कानपुर होकर अयोध्या से गुजरती है। यदि इनमें से कुछ ट्रेनों को झांसी से वाया ग्वालियर, भिंड, इटावा, कानपुर होकर चलाया जाए, तो ग्वालियर अंचल व इसके आस-पास के यात्रियों को अयोध्या के साथ-साथ उत्तर प्रदेश, बिहार एवं गुजरात के महत्वपूर्ण शहरों के लिए भी ट्रेन सुविधा में बढ़ोतरी हो सकेगी।

महोदय, मेरा माननीय रेल मंत्री जी से अनुरोध है कि ग्वालियर लोक सभा क्षेत्रवासियों को अयोध्या के लिए रेल सुविधा प्रदान कर अनुगृहित करने की कृपा करें।